53-55 C.C. Exam., 2012

GENERAL HINDI

समय : तीन घंटे] [पूर्णांक : 100

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें ।

उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर दें ।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 500 शब्दों में निबन्ध लिखिए :
   (क) भारत के गाँव
   (ख) पर्यावरण और हमारा दायित्व
   (ग) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत
   (घ) मजहब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना
   (ङ) कम्प्यूटर के चमत्कार
   (च) बढ़ती महँगाई और हम ।
2. निम्नलिखित अवतरण का एक-तिहाई शब्दों में सार लिखते हुए उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिए :
   सच्चे वीर पुरुष धीर, गम्भीर और आजाद होते हैं । उनके मन की गम्भीरता और शान्ति समुद्र की तरह विशाल और गहरी या आकाश की तरह स्थिर और अचल होती है । वे कभी चंचल नहीं होते । रामायण में वाल्मीकि जी ने कुम्भकर्ण की गाढ़ी नींद में वीरता का एक चिह्न दिखलाया है । सच है, सच्चे वीरों की नींद आसानी से नहीं खुलती । ये सत्त्वगुण के क्षीर-समुद्र में ऐसे डूबे रहते हैं कि इनको दुनिया की खबर ही नहीं होती । वे संसार के सच्चे परोपकारी होते हैं । ऐसे लोग दुनिया के तख्ते को अपनी आँख की पलकों से हलचल में डाल देते हैं । जब ये शेर जागकर गर्जते हैं, तब सदियों तक इनकी आवाज की गूँज सुनायी देती रहती है और सब आवाजें बन्द हो जाती हैं ।
3. निम्नलिखित सभी अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए :
   (क) आप क्या पुस्तक पढ़ेंगे ।
   (ख) एक गीतों की किताब ला दीजिए ।
   (ग) आप यहाँ बैठो ।
   (घ) मेरे को उस प्रश्न का उत्तर नहीं आता ।
   (ङ) बकरी को काटकर गाजर खिलाओ ।
   (च) सब छात्रों में वह महान है ।
   (छ) हम आमों को खा रहे हैं ।
   (ज) सावित्री जो सत्यवान की पत्नी थी, वह एक पतिव्रता नारी थी ।
   (झ) प्रस्तुत पंक्तियाँ कामयनी से ली हैं ।
   (ञ) केवल मात्र महिलाओं के लिए आरक्षित ।
4. निम्नलिखित मुहावरे-लोकोक्तियों में से किन्हीं पाँच का अर्थ बताते हुए उन्हें वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए :
   (क) अपनी खिचड़ी अलग पकाना
   (ख) अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना
   (ग) आग में घी डालना
   (घ) ईद का चाँद होना

(ङ) एक आँख से देखना

(च) अधजल गगरी छलकत जाए

(छ) अपनी करनी पार उतरनी

(ज) इस हाथ से दे, उस हाथ से ले

(झ) घर का भेदी लंका ढावे

(ञ) का बरखा जब कृषी सुखाने ।

5. संज्ञा की परिभाषा देते हुए उसके भेदों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

(क) आग (ख) यमुना (ग) वृक्ष (घ) अश्व (ङ) पहाड़

(च) साँप (छ) गंगा (ज) रात (झ) फूल (ञ) घर ।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए तथा उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(क) जो कुछ न जानता हो

(ख) अन्दर छिपा हुआ

(ग) जिसके वास का कोई पता न हो

(घ) जो स्थिर हो

(ङ) जिसकी आशा न की गई हो

(च) जो होकर ही रहे

(छ) जो कुछ न करता हो

(ज) जिससे घृणा की जाए

(झ) कम खाने वाला

(ञ) बुरे मार्ग पर चलने वाला ।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** समस्तपदों का विग्रह करते हुए समास बताइए :

(क) दशानन (ख) अनुभवजन्य (ग) रोगमुक्त (घ) प्राणपति

(ङ) त्रिवेणी (च) त्रिफला (छ) मेघनाद (ज) आगा-पीछा

(झ) यथासमय (ञ) चन्द्रमुख ।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** उपसर्गों को चुनकर प्रत्येक से दो-दो शब्द बनाइए :

(क) अति (ख) उप (ग) प्र (घ) सु (ङ) परि

(च) प्रति (छ) वि (ज) आ (झ) अभि (ञ) अनु ।